सं0 **1/पी0–1005/2013–सा0प्र0**–6550––राज्य में प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्यरत केन्द्रीय सिविल सेवा के पदाधिकारी–श्री प्रदीप कुमार, आई0ई0डी0एस0, अपर सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना(अतिरिक्त प्रभार–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम, पटना) की राज्य प्रतिनियुक्ति अवधि को उनके पैतृक विभाग– सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्राालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त सहमति के आलोक में दिनांक 19.07.2021 के प्रभाव से अगले एक (01) वर्ष के लिए अर्थात्, दिनांक 18.07.2022 तक विस्तारित की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कन्हैया लाल साह, अवर सचिव।

———

6 जुलाई 2021

सं0 **1/अ0–26/2008–सा0प्र0–6637**––श्री दयानिधान पाण्डेय,भा0प्र0से0(2006), विशेष सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार– निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना) को अखिल भारतीय सेवा (अवकाश) नियमावली, 1955 के नियम–10,11 एवं 20 के अधीन दिनांक– 02.06.2021 से 01.07.2021 तक कुल 30 दिनों के उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. श्री दयानिधान पाण्डेय की आलोच्य अनुपस्थिति अवधि में निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के प्रभार के निष्पादन हेतु श्री राज कुमार, भा0प्र0से0 (2010), निदेशक, समाज कल्याण, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार– निदेशक, निःशक्तता, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना) अधिकृत माने जायेंगे।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कन्हैया लाल साह, अवर सचिव।

———

7 जुलाई 2021

सं0 **1/अ0–1029/2013–सा0प्र0–6690**––श्रीमती इनायत खान, भा0प्र0से0 (2012), जिला पदाधिकारी, शेखपुरा को अखिल भारतीय सेवा (अवकाश) नियमावली, 1955 के नियम–10, 11 एवं 20 के अधीन दिनांक 06.05.2021 से 17.05.2021 तक कुल 12 दिनों के उपार्जित अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कन्हैया लाल साह, अवर सचिव।

———

9 जुलाई 2021

सं0 1/अ0–1011/2018–सा0प्र0–6878––श्री विजय प्रकाश मीणा, भा0प्र0से0 (2016), उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वैशाली, हाजीपुर को अखिल भारतीय सेवा (अवकाश) नियमावली,1955 के नियम–18 बी के अधीन दिनांक–08.07.2021 से 22.07.2021 तक कुल 15 दिनों की पितृत्व अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. श्री विजय प्रकाश मीणा की आलोच्य अवकाश अवधि में अपर समाहर्त्ता, वैशाली, हाजीपुर अपने सभी कार्यों के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वैशाली, हाजीपुर के भी प्रभार में रहेंगे।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कन्हैया लाल साह, अवर सचिव।

10 जुलाई 2021

सं0 **1/सी–1015/2008–सा0प्र0**–6901––निम्नांकित भा0प्र0से0 पदाधिकारी अपने–अपने वर्तमान दायित्व/प्रभार के साथ अगले आदेश तक जॉच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगेः–

क्र.	पदाधिकारी का नाम एवं बैच	वर्तमान दायित्व/प्रभार जिसके साथ जॉच आयुक्त का आलोच्य अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है
1	श्री अरिविन्द कुमार चौधरी (1995)	प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार–परीक्षा नियंत्राक, बिहार राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद, पटना)
2	श्री संतोष कुमार मल्ल (1997)	सचिव, सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना (अतिरिक्त प्रभार– प्रबंध निदेशक, बेल्ट्रॉन/सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार , पटना)
3	श्री सफीना ए0एन0 (1997)	सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कन्हैया लाल साह, अवर सचिव।

———

14 जुलाई 2021

सं0 **1/सी–1006/2019–सा0प्र0–7082**––बिहार संवर्ग के बैच वर्ष, 2019 के भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण चरण–2 की पूर्णता के उपरान्त उन्हें उनके नाम के सामने अंकित अनुमंडलों में अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी के रुप में निम्नवत् पदस्थापित किया जाता हैः–

क्र.	पदाधिकारी का नाम	पदस्थापन
1	श्री समीर सौरभ	अनुमण्डल पदाधिकारी, डेहरी–ऑन–सोन, रोहतास
2	श्री कुमार अनुराग	अनुमण्डल पदाधिकारी, बिहार शरीफ, नालन्दा
3	श्री सुमित कुमार	अनुमण्डल पदाधिकारी, महनार, वैशाली

2. अनुमण्डल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित उपर्युक्त पदाधिकारियों को दण्ड प्रक्रिया संहिता–1973 (एक्ट–2, 1974) की धारा–20 के अन्तर्गत संबंधित अनुमण्डल क्षेत्रा के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी की शक्तियॉ एवं संबंधित जिला में दण्ड प्रक्रिया संहिता–1973 (एक्ट–2, 1974) की धारा–144 का प्रयोग करने की शक्तियॉ उन्हें प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कन्हैया लाल साह, अवर सचिव।

———

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

———

अधिसूचना

19 जुलाई 2021

सं0 3/स्था0रा0अ0 (नियुक्ति)–06/2020–221(3)/रा0––बिहार लोक सेवा आयोग की 63वीं सम्मिलित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर बिहार राजस्व सेवा में नियुक्ति हेतु अनुशंसित श्री सुमित आनंद (अनुक्रमांक–214812, मेधा क्रमांक–172) को अधोलिखित शर्त्तों के अधीन पे मैट्रिक्स लेवल–7 (₹44,900–1,42,400) में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत अनुमान्य भत्तों के साथ परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष ग्रेड के पद पर औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए उनके नाम के समक्ष स्तम्भ–9 में अंकित कार्यालय में व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु अगले आदेश तक पदस्थापित किया जाता है :–

क्र0 सं0	अनुक्रमांक	नाम, पिता/पति का नाम एवं स्थायी पता	गृह जिला	जन्म तिथि	मेधा क्रमांक	मूल आरक्षण कोटि	आयोग द्वारा आवंटित आरक्षण रोस्टर	पदस्थापन जिला एवं कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	214812	**श्री सुमित आनंद** पिता–श्री कैलाश प्रसाद पता–सुनीता वाटिका, पत्थर रोड, सरिस्ताबाद, नया टोला, गर्दनीबाग, पटना, पिन–800001	पटना	28.01.1992	172	**05– पिछड़ा वर्ग**	05– **पिछड़ा वर्ग**	राजस्व अधिकारी, अंचल कार्यालय, उदवंतनगर, भोजपुर

1. (i) पूर्व वृत्त सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त होने की प्रत्याशा में यह नियुक्ति औपबंधिक रूप से अगले छः माह के लिए किया जाता है।

(ii) अभ्यर्थी द्वारा समर्पित शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों के संबंध अलग सूचना पाये जाने एवं पूर्व वृत्त सत्यापन प्रतिवेदन में प्रतिकूल तथ्य प्रतिवेदित होने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दी जाएगी एवं संबंधित के विरूद्ध आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई भी की जायेगी।

(iii) नव नियुक्त पदाधिकारी की परीक्ष्यमान अवधि 2 वर्षों की होगी तथा उनकी वरीयता बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित संयुक्त मेधा क्रमांक के अनुसार होगी।

(iv) अभ्यर्थी को उनके अभिप्रमाणित फोटो युक्त नियुक्ति संबंधी निर्गत अधिसूचना की प्रति उपलब्ध करायी जायेगी, जिसे मूल रूप से संबंधित जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर हीं उनका योगदान स्वीकृत किया जा सकेगा।

(v) उक्त अभ्यर्थी सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प सं0–1919 दिनांक–18.01.1976 के अनुपालन में दहेज न लेने/न देने संबंधी घोषणा पत्र योगदान/प्रभार ग्रहण करते समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे।

(vi) नियुक्त पदाधिकारी के लिए आयोजित सेवाकालीन प्रशिक्षण तथा अन्तः सेवाकालीन प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

2. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–1964, दिनांक–21.08.2005 एवं पत्रांक–768 पे0को0, दिनांक–03.07. 2007 के आलोक में नव नियुक्त पदाधिकारी नई अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित होंगे।

3. योगदान के समय अभ्यर्थी को असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

4. अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने/योगदान देने हेतु पदस्थापित स्थान पर आने–जाने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

5. यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी नियोक्ता के अन्तर्गत सेवारत हैं तो योगदान के समय विरमन पत्र प्रस्तुत करेंगे। अभ्यर्थी द्वारा अन्य सेवा से त्याग पत्र देंने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा त्याग पत्र स्वीकृति से संबंधित पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

6. उक्त अभ्यर्थी को यह निदेश दिया जाता है कि अधिसूचना निर्गत होने के उपरान्त 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर अपना योगदान संबंधित जिला पदाधिकारी/कार्यालय प्रधान को निश्चित रूप से समर्पित कर देंगे। निर्धारित अवधि में योगदान नहीं करने अथवा योगदान अवधि के विस्तार हेतु साक्ष्य सहित आवेदन नहीं करने की स्थिति में उनकी नियुक्ति रद्द करने पर नियमानुसार विचार किया जा सकता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कंचन कपूर, संयुक्त सचिव।

———————

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (मत्स्य)

———————

अधिसूचना

14 जुलाई 2021

सं० म०/बंदो० –18/2019 (खण्ड)–829/मत्स्य––उच्च स्तर पर विभागीय जलकरों की बंदोबस्ती एवं राजस्व वसूली तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के समस्याओं की समीक्षा के क्रम में यह बातें सामने आई है कि कतिपय जिलों के प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समितियों द्वारा जलकरों की बंदोबस्ती के उपरांत COVID-19 के वजह से जलकरों में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन/शिकारमाही/विपणन तथा मत्स्य पालन के लिए आवश्यक सामग्रियों की निर्वाध आपूर्ति वाधित रहने के फलस्वरूप जलकरों के पट्टेदारों को आर्थिक समस्या है जिसके कारण ससमय राजस्व जमा करने में कठिनाई हो रही है। मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से सम्बद्ध सदस्यों को जीवीकोपार्जन का अवसर प्रदान करने के लिए जलकरों की बंदोबस्ती सुरक्षित जमा राशि पर की जाती है। चूँकि COVID-19 के संक्रमण से बचाव हेतु Social Distancing बनाये रखना तथा Lockdown का पालन के निमित मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्यों द्वारा जलकरों में सामान्य रूप से मत्स्य पालन एवं शिकारमाही वाधित रहने के कारण अधिनियमानुसार कतिपय प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा बंदोबस्त जलकरों का वर्ष 2020–21 का वार्षिक सुरक्षित जमा का द्वितीय किस्त जमा करने में व्यवहारिक कठिनाई परिलक्षित हुई है। चूँकि बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 की धारा 7(xii)(ख) में प्रावधान है कि समितियों द्वारा द्वितीय किस्त की अदायगी 31 जनवरी के पूर्व की जाएगी तथा सिघाड़ा एवं मखाना–सह–मत्स्य जलकरों के लिए द्वितीय किस्त की अदायगी 31 मार्च के पूर्व की जाएगी। अन्यथा निर्धारित अवधि में राजस्व अदायगी नहीं होने की स्थिति में जिला मत्स्य पदाधिकारी समिति को तत्क्षण कारण पृच्छा कर सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त कर बंदोबस्ती रद्द की कार्रवाई करेंगे।

उक्त के आलोक में सरकार के संज्ञान में बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के कार्यान्वयन में कठिनाई हो रही है। उपर्युक्त व्यवहारिक कठिनाई को दूर करने हेतु सभी बिन्दुओं पर सम्यक् विचारोपरांत बिहार मत्स्य

जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 की धारा 19 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बंदोबस्त जलकरों का वर्ष 2020–21 में लंबित किस्त का राजस्व जमा करने की निर्धारित अवधि को क्षांत करने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा निम्न दिशा–निर्देश जारी किये जाते है :–

i. बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 की धारा 7(xii)(ख) में निहित प्रावधान है कि के आलोक में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा समितियों के साथ बंदोबस्त मत्स्य जलकरों का निर्धारित राजस्व का द्वितीय किस्त अदायगी 31 जनवरी के पूर्व एवं सिंघाड़ा एवं मखाना–सह–मत्स्य जलकरों के लिए द्वितीय किस्त 31 मार्च के पूर्व वसूलनीय होता है। किन्तु कोविड–19 के संक्रमण के मद्देनजर कतिपय समितियों द्वारा निर्धारित अवधि में वर्ष 2020–21 का लंबित किस्त राजस्व जमा नहीं की गई हो, वैसे समितियों को वर्तमान में उत्पन्न परिस्थिति विशेष के मद्देनजर बकायेदार न मानते हुए **30 सितम्बर, 2021 तक का अतिरिक्त समय सीमा देते हुए राजस्व की राशि वसूली की जा सकेगी।** इस हद तक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के साथ बंदोबस्त सभी प्रकार के जलकरों की वर्ष 2020–21 का लंबित किस्त की राशि जमा करने हेतु निर्धारित अवधि को 30 सितम्बर, 2021 तक के लिए समय सीमा विस्तारित किया जाता है।

ii. यह सुविधा केवल वैसे निबंधित प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों, जिनके साथ मत्स्य/मखाना सह–सिंघाड़ा जलकर बंदोबस्त हैं एवं वर्ष 2020–21 का निर्धारित राजस्व का लंबित किस्त जमा नहीं किया जा सका हो, के लिए हीं मान्य होगी।

iii. यह आदेश तत्कालीक प्रभाव से लागू किया जाता है।

iv. प्रस्ताव में माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह0) अस्पष्ट, विशेष सचिव।

गृह विभाग
(आरक्षी शाखा)

अधिसूचनाएं
20 जुलाई 2021

सं0 1/एल01–10–04/2015–गृ0आ0–4895––श्री चंदन कुमार कुशवाहा, भा0पु0से0 (2010), समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी (मुख्यालय), पटना को अखिल भारतीय सेवाएँ (छुट्टी) नियमावली, 1955 के नियम–10, 11 एवं 20 के अन्तर्गत उपभोग किये गये दिनांक 27.04.2021 से दिनांक 31.05.2021 तक कुल 35 (पैंतीस) दिनों के उपार्जित अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
के0 सेंथिल कुमार, **सचिव।**

---

20 जुलाई 2021

सं0 1/एल01–10–04/2021–गृ0आ0–4894––श्री बलिराम कुमार चौधरी, भा0पु0से0, तत्कालीन समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी (मुख्यालय), पटना सम्प्रति राज्यपाल, बिहार के परिसहाय (पुलिस) को अखिल भारतीय सेवाएँ (छुट्टी) नियमावली, 1955 के नियम–12 एवं 13 के अन्तर्गत उपभोग किये गये दिनांक 08.04.2021 से दिनांक 24.04.2021 तक 17 (सत्रह) दिनों के रूपांतरित (17 X 2 = 34 दिनों के अर्द्धवैतनिक अवकाश के समतुल्य) अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
के0 सेंथिल कुमार, **सचिव।**

वाणिज्य–कर विभाग

अधिसूचना
20 जुलाई 2021

सं0 कौन/भी–813/2001–59/सी––अलकतरा घोटाले से संबंधित सी0बी0आई0 काण्ड सं0–आर0सी0 2(ए)/97 आर0 में मो0 शहाबुद्दीन बेग, तत्कालीन आप्त सचिव, तत्कालीन मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना नामजद अभियुक्त थे। मो0 बेग के विरूद्ध विधि (न्याय) विभाग के आदेष सं0–एस0पी03(डी)–03/2002/ 2429/जे0 दिनांक 10.07.2002 द्वारा भारतीय दण्ड संहिता (1860 का अधिनियम सं0–45) की धारा–120 बी0–सह–पठित धारा 407/420/487/468/471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (1988 का अधिनियम सं0–49) की धारा–13 (2) सह–पठित धारा–13 (1) (डी0) के अधीन अपराधों के लिये अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी।

अलकतरा घोटाले से संबंधित आपराधिक काण्ड संख्या–आर0सी0 2(ए)/97 आर० में माननीय सी0बी0आई0 न्यायालय, राँची द्वारा दिनांक–22.02.2019 को न्याय निर्णय पारित किया गया। उक्त न्याय निर्णय में मो0 शहाबुद्दीन बेग, तत्कालीन आप्त सचिव, तत्कालीन मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दोषी पाते हुए सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा दी गयी।

माननीय न्यायालय द्वारा पारित उक्त न्याय निर्णय के आलोक में मो0 बेग के विरूद्ध बिहार पेंषन नियमावली के नियम 43 (ए) के तहत् कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु विभागीय पत्रांक–217/सी (अनु0) दिनांक 02.08.2019 एवं पत्रांक–218/सी (अनु0) दिनांक 02.08.2019 द्वारा उनसे कारण पृच्छा की गयी।

उक्त के आलोक में मो0 बेग द्वारा अपने आवेदन दिनांक 25.10.2019 के द्वारा कारण पृच्छा जवाब विभाग को समर्पित किया गया।

मो0 बेग द्वारा समर्पित कारण पृच्छा जवाब दिनांक 25.10.2019 में मूल रूप से उल्लेख किया गया है कि काण्ड संख्या–आर0सी0 2(ए)/97 आर० में निम्न न्यायालय (Trial Court) द्वारा दिये गये सजा के विरूद्ध उनके द्वारा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची में अपील संख्या–Cr-Appeal (Sj) 469/19 दायर किया गया है जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 17.07.2019 को स्वीकार किया गया है, अतएव दया के दृष्टिकोण से उनके विरूद्ध बिहार पेंषन नियमावली के नियम 43(ए) के तहत सारी कार्रवाई को कम से कम अपील संख्या Cr-Appeal (Sj) 469/19 में अंतिम निर्णय आने तक स्थगित रखने की कृपा की जाय।

मो0 बेग से प्राप्त उक्त कारण पृच्छा जवाब की समीक्षा की गयी तथा समीक्षोपरांत उनके कारण पृच्छा जवाब/स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य नहीं पाया गया। अतएव मो0 बेग के कारण पृच्छा जवाब को अस्वीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर माननीय उपमुख्य (वाणिज्य–कर) मंत्री महोदय का अनुमोदन प्राप्त किया गया।

चूँकी अलकतरा घोटाले से संबंधित एक अन्य सी0बी0आई0 कांड संख्या आर0सी0 4(ए)/97 आर0 में माननीय सी0बी0आई0 न्यायालय राँची द्वारा मो0 बेग के विरूद्ध पारित न्याय निर्णय में उन्हें दोषी पाते हुए सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा दी गयी थी, जिसके आलोक में मो0 बेग के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(ए)के तहत कार्रवाई करते हुए उनके पूर्ण पेंशन एवं उपदान के भुगतान पर स्थायी रूप से रोक लगाए जाने के दंड प्रस्ताव पर माननीय मुख्यमंत्री का आदेश प्राप्त करते हुए उक्त दंड प्रस्ताव पर बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की मांगी गयी थी। अतएव एक ही व्यक्ति (मो0 बेग) के विरूद्ध एक प्रकार के घोटाले में दर्ज दो अलग–अलग मामलों में दंड दिया जा सकता है या नहीं तथा एक ही प्रकार का दंड दिया जा सकता है अथवा नहीं, के बिन्दु पर सामान्य प्रशासन विभाग से परामर्श की मांग की गयी।

उक्त के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्य रूप से निम्न परामर्श दिया गयाः–

'' मो0 बेग को सक्षम न्यायालय द्वारा अलग–अलग दो अपराधिक मामलों में दोषी निर्धारित करते हुए अलग–अलग दो दंड अधिरोपित किया गया है। अतः प्रशासी विभाग को बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(ख) के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों मामलों में अलग–अलग दण्डादेश निर्गत करना चाहिए जिससे कालान्तर में सरकार द्वारा दिये गये दंड के संदर्भ में न्यायिक समीक्षा में तकनीकी कारणों से किसी एक मामले में आरोपी को संदेह का लाभ मिलने पर भी सरकार द्वारा दुसरे मामले में दिया गया दंड उस पर प्रभावी रहें।

विचाराधीन मामले में श्री बेग को सेवाकाल के कदाचार से संबंधित आपराधिक मामले में दोषी पाते हुए सक्षम न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गयी है। अतः इस मामले में बिहार पेंशन नियमावली का नियम–43(क) प्रभावी नहीं होगा। प्रशासी विभाग इस मामले में नियम–43(ख) के प्रावधान के तहत सरकार के अनुमोदन से पेंशन की कटौती/वसूली का समुचित निर्णय लेने में स्वयं सक्षम है। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–806 दिनांक 16.01.2018 की कंडिका–7 (iii) के प्रावधान के आलोक में ऐसे मामलों में निर्णय लेने हेतु राज्य सरकार के रूप में विभाग के प्रभारी मंत्री ही सक्षम प्राधिकार है।''

सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त उक्त परामर्श के आलोक में मो0 बेग के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(ख) के तहत कार्रवाई करते हुए विभागीय पत्रांक–131/सी दिनांक–03.07.2020 एवं पत्रांक–132/सी दिनांक 03.07.2020 द्वारा कारण पृच्छा नोटिस प्रेषित की गयी। मो0 बेग से कारण पृच्छा जवाब अप्राप्त रहने की स्थिति में उन्हें अनेक स्मार पत्रों द्वारा स्मारित किया गया।

उक्त के आलोक में मो0 बेग द्वारा कारण पृच्छा जवाब विभाग को समर्पित किया गया। जिसे समीक्षोपरान्त स्वीकार योग्य नहीं पाया गया। अतएव उक्त कारण पृच्छा जवाब से असहमत होते हुए मो0 बेग के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(ख) के तहत उनके पूर्ण पेंशन एवं उपदान के भुगतान पर स्थायी रूप से रोक लगाये जाने के दंड प्रस्ताव पर माननीय उपमुख्य (वाणिज्य–कर) मंत्री महोदय का अनुमोदन प्राप्त किया गया है।

तत्पश्चात् विभागीय पत्रांक–43/सी, (अनु0), दिनांक 25.03.2021 के द्वारा मो0 बेग के विरूद्ध उक्त दण्ड प्रस्ताव पर बिहार लोक सेवा आयोग से परामर्श की मांग की गयी। जिसके आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक–05/प्रो.–36–01/2021(615)/लो.से.आ. दिनांक–28.06.2021 द्वारा उक्त दंड प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी है।

अतः सरकार द्वारा लिये गये निर्णय एवं बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा दण्ड प्रस्ताव पर दिये गये सहमति के आलोक में बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 (बी) के तहत मो0 शहाबुद्दीन बेग, तत्कालीन आप्त सचिव, तत्कालीन मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना सम्प्रति सेवानिवृत वाणिज्य–कर पदाधिकारी (सेवानिवृत्ति की तिथि–28.02.2014) के पूर्ण पेंशन एवं उपदान के भुगतान पर स्थायी रूप से रोक लगायी जाती है।

उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अरूण कुमार मिश्रा, विशेष सचिव।

ग्रामीण विकास विभाग

अधिसूचना

15 जुलाई 2021

सं0 ग्रा0वि0-14(दरभंगा)-समस्तीपुर-वाद-01/2018-492554--डॉ0 जियाउल हक, लोक सूचना पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहनपुर, समस्तीपुर के विरूद्ध राज्य सूचना आयोग के ज्ञापांक-2052 दिनांक 05.07.2018 से प्राप्त वाद संख्या-ए-8736/17 में राज्य सूचना आयुक्त द्वारा पारित आदेश में इन्हें आवेदक को वांछित सूचना प्रदान करने में अनावश्यक विलंब के आरोपों के लिये इनसे कारण पृच्छा लेकर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई ।

उक्त आरोप पर डॉ0 जियाउल हक का स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया ।

डॉ0 हक से प्राप्त स्पष्टीकरण एवं जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर से प्राप्त मंतव्य की समीक्षा की गयी । जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर के पत्रांक-73 दिनांक 13.06.2019 से प्राप्त मंतव्य में प्रतिवेदित किया गया कि श्री हक के द्वारा आवेदक को सूचना प्रदान करने में सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का सावधानी पूर्वक एवं समय सीमा का अनुपालन नहीं किया गया है। समीक्षोपरांत यह पाया गया कि डॉ0 हक का स्पष्टीकरण भ्रामक एवं तथ्यहीन है, उनका आचरण सरकारी पदाधिकारी के प्रतिकूल है एवं इनका स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है । यह लोक सेवकों के आचरण के प्रतिकूल कार्य करने एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है ।

अत: सम्यक विचारोपरांत डॉ0 जियाउल हक, लोक सूचना पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहनपुर, समस्तीपुर सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, कुर्था, अरवल के विरूद्ध 'चेतावनी' का दंड अधिरोपित किया जाता है ।

आदेश दिया जाता है कि श्री हक के चारित्री/सेवापुस्त में इस दंड की प्रविष्टि की जाय।

उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश-आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना की प्रति सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय ।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
बालामुरूगन डी0, सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 15—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

भाग–2

बिहार–राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।

पटना उच्च न्यायालय, पटना

शुद्धि

7 जनवरी 2021

सं0 997–1014––सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के शुद्धि पत्रांक संख्या 7/स्था0–04–08/2020 सा0प्र0 12620 दिनांक 28.12.2020 के आलोक में न्यायालय के अधिसूचना संख्या 09 नि0 दिनांक 21.01.2020, जो ज्ञापांक संख्या 4146–4200 दिनांक 21.01.2020 के द्वारा निर्गत किया गया था, के क्रमांक संख्या 138 पर अंकित नाम वर्तिका सिंह को वर्तिका पढ़ा जाएगा।

उच्च न्यायालय के आदेश से,
नवनीत कुमार पाण्डेय, **महानिबंधक।**

The 7th January 2021

No. 997-1014--In the light of the Corrigendum no. 7/Stha.-04-08/2020 Sa. Pra. 12620 dated 28.12.2020 issued by the General Administration Department, Government of Bihar, the name of **Ms. Vartika Singh** as mentioned at serial no. 138 of Court's notification no. 09 A dated 21.01.2020 issued vide Memo No. 4146-4200 dated 21.01.2020, shall be read as **Ms. Vartika.**

By Order of the High Court,
N. K. Pandey, **Registrar General.**

सामान्य प्रशासन विभाग

अधिसूचना

(शुद्धि–पत्र)

12 जुलाई 2021

सं0 1/सी–1015/2008–सा0प्र0–6907––सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–1/सी–1015/2008–सा0प्र0–6901 दिनांक 10.07.2021 की तालिका के क्रमांक–03 पर अंकित बैच वर्ष, 1997 के भा0प्र0से0 पदाधिकारी के नाम को **'श्री सफीना ए0एन0' के स्थान पर 'श्रीमती सफीना ए0एन0'** पढ़ा जाए ।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कन्हैया लाल साह, अवर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 15—571+10–डी0टी0पी0।
Website : http://egazette.bih.nic.in

भाग–9–ख

निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।

सूचना

No. 677—I KUMARI Renuka Shrivastava w/o M. K. Srivastava R/o 505B, Jascon Residency Trilok Nagar, Gulzarbagh, Patna-7 shall be known as Renuka Shrivastava vide affidavit no. 195 dated 2.12.20.

KUMARI Renuka Shrivastava.

———————

सं0 691––मैं महताब आलम उर्फ इरफान अहमद (Mahtab Alam Alias Irfan Ahmad), पिता–मोहम्मद अब्बास, ग्राम+पो0+पंचायत–बौराम, भाया–बिरौल, थाना–बड़गांव ओ0पी0, (जमालपुर), प्रखण्ड सह अंचल–गोड़ा बौराम, जिला–दरभंगा बयान करता हूँ कि मेरा घरेलू नाम इरफान अहमद एवं शैक्षणिक नाम महताब आलम है लेकिन अब मैं महताब आलम उर्फ इरफान अहमद (Mahtab Alam Alias Irfan Ahmad) नाम से ही जाना व पहचाना जाऊंगा। Affi. No.-23476/30.10.19.

महताब आलम उर्फ इरफान अहमद।

———————

No. 705—I, ANIL Kumar Singh S/O Surendra Prasad Singh born on 21/06/1962 residing at 203, Dwarikadhish Enclave, Near Gyanodaya Gurukul School, Gola Road, Patna 801503 have changed my name to Anil Kumar vide affidavit dated 02/07/2021 at Patna

ANIL Kumar Singh.

———————

No. 712—I, George Jessie George, W/o Mr. Sushil Kumar Modi, Road No. 8A, Rajendra nagar, Patna-16, Vide affidavit No. 3789, dated 17.02.2021 Declare that I shall be called "Jessie Sushil Modi" in future, for all purposes.

George Jessie George.

———————

No. 713—I, RITIKA D/o Ravindra Kumar, E-3, Ram Lakhan Enclave, Raijee Ki Gali, East Boring Canal Road, Patna have changed my name to Ritika Prakash vide affidavit no. 45 dated 22.07.2021 sworn in the Court of Executive Magistrate, Sadar Patna (in continuation of earlier affidavit no. 17569 dated 27.12.2011).

RITIKA.

———————

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 15—571+10-डी0टी0पी0।
Website : http : //egazette . bih . nic . in

बिहार गजट
का
पूरक (अ0)
प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

सं0 08/आरोप–01–26/2019 सा०प्र०–6963
सामान्य प्रशासन विभाग

संकल्प
12 जुलाई 2021

श्री वीरेन्द्र नारायण पाण्डेय, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–771/2011 तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा (सम्प्रति सेवानिवृत) के विरूद्ध अनाधिकृत अनुपस्थिति, विभागीय भू–अर्जन कार्यो में अभिरूचि नहीं लेने, निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीन रवैया अपनाने, बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर जाने एवं बिना प्रभार सौपे उपार्जित अवकाश में प्रस्थान कर जाने से संबंधित आरोप पत्र राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 626 दिनांक 07.08.2019 द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्राप्त हुआ।

उक्त के आधार पर विभागीय स्तर पर पुनर्गठित एवं अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा अनुमोदित आरोप पत्र की प्रति संलग्न करते हुए करते हुए विभागीय पत्रांक 15209 दिनांक 08.11.2019 द्वारा श्री पाण्डेय से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री पाण्डेय से प्राप्त स्पष्टीकरण (दिनांक 28.11.2019) के समीक्षोपरांत आरोपों की गंभीरता को देखते हुए संकल्प ज्ञापांक 1086 दिनांक 21.01.2020 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। कालान्तर में श्री पाण्डेय के दिनांक 31.01.2020 को वार्धक्य सेवानिवृत हो जाने के कारण उनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को आदेश ज्ञापांक 1894 दिनांक 06.02.2020 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली–43(बी0) के तहत् सम्परिवर्तित किया गया।

संचालन पदाधिकारी (यथा आयुक्त दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा) के पत्रांक 134 दिनांक 07.01.2021 द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें श्री पाण्डेय के विरूद्ध प्रतिवेदित सभी आरोपों को प्रमाणित पाया गया। पत्रांक 950 दिनांक 21.01.2021 द्वारा श्री पाण्डेय से प्रमाणित आरोपों पर लिखित अभिकथन की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री पाण्डेय का लिखित अभिकथन (दिनांक 01.02.2021) प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा भू–अर्जन कार्यो में शिथिलता नहीं बरतने, जिला पदाधिकारी से अनुमति पटना जाने एवं लड़की की शादी में अर्जित अवकाश पर जाने आदि का उल्लेख करते हुए आरोप मुक्त करने का अनुरोध किया गया।

श्री पाण्डेय के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं श्री पाण्डेय से प्राप्त लिखित अभिकथन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार के स्तर पर की गयी समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री पाण्डेय द्वारा लिखित अभिकथन/अभ्यावेदन में जो बातें कही गयी है उन सभी बातो का उल्लेख उनके द्वारा विभागीय कार्यवाही के संचालन के क्रम में संचालन पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत बचाव बयान में भी कही गयी थी, जिसके समीक्षोपरांत ही संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री पाण्डेय के विरूद्ध प्रतिवेदित सभी आरोपों को प्रमाणित पाया गया है।

श्री पाण्डेय को जिला पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा गठित आरोप पत्र में भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बार–बार स्पष्टीकरण पूछे जाने के बावजूद इनके कार्यकलाप में कोई सुधार नहीं हुआ। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया। इनके प्रतिकूल कार्यकलाप एवं असंतोषजनक कार्य के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा बार–बार आपत्ति एवं अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। निर्वाचन कार्य में शिथिलता एवं कर्त्तव्यहीनता के कारण लोक सभा निर्वाचन 2019 की तैयारी में बाधा पहुँची। इसके बावजूद श्री पाण्डेय द्वारा निर्वाचन, विभागीय एवं प्रशासनिक कार्यो में कोई अभिरूचि नहीं लिया गया। इनके कार्यकलाप में भी कोई सुधार नहीं हुआ।

अतएव सम्यक विचारोपरांत प्रमाणित आरोपों के लिए श्री वीरेन्द्र नारायण पाण्डेय, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–771/2011 तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा के विरूद्ध बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के निमय–43(बी) के तहत **''पेंशन से 5% (पाँच प्रतिशत) राशि की कटौती 03 (तीन) वर्षो तक''** करने का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया।

अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा उक्त विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 3127 दिनांक 05.03.2021 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की मांग की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग की दिनांक 21.06.2021 को आहूत पूर्ण पीठ

की बैठक में श्री पाण्डेय के विरूद्ध अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा विनिश्चित उक्त दंड प्रस्ताव (**पेंशन से 5% (पाँच प्रतिशत) राशि की कटौती 03 (तीन) वर्षो तक करने**) पर सहमति व्यक्त किया गया। उक्त मंतव्य/सहमति बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 607 दिनांक 28.06.2021 द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया गया।

अतएव उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में श्री वीरेन्द्र नारायण पाण्डेय, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–771/2011 तत्कालीन जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दरभंगा को प्रमाणित आरोपों के लिए बिहार पेंशन नियमावली 1950 के नियम–43(बी0) के संगत प्रावधानों के तहत **पेंशन से 5% (पाँच प्रतिशत) राशि की कटौती 03 (तीन) वर्षो तक** करने का दंड अधिरोपित/संसूचित किया जाता है।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मो0 सिराजुद्दीन अंसारी, अवर सचिव।

सं0 27/आरोप–01–68/2019–सा0प्र0–6824

---

8 जुलाई 2021

श्री मुकेश कुमार 'मुकुल', बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–1053/11, तत्कालीन वरीय उप समाहर्त्ता, औरंगाबाद के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के पत्रांक–976/गो0 दिनांक 21.04.2015 द्वारा भारतीय पार–पत्र के निमित अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने हेतु आवेदन पत्र (अनुलग्नक सहित) अनुशंसा के साथ इस विभाग में उपलब्ध कराया गया। आवेदन के साथ संलग्न श्री मुकुल द्वारा समर्पित शपथ–पत्र में निम्नलिखित तथ्य अंकित किया गया :–

That No proceeding in respect of any criminal offence alleged to have been committed by me are pending before any criminal court in India.

2. पार–पत्र निर्गत करने पर विचार करने के क्रम में पाया गया कि श्री मुकुल के विरूद्ध दर्ज गढ़पुरा थाना काण्ड सं0–29/2005 में विधि विभाग के आदेश ज्ञापांक–3968 दिनांक 22.05.2012 द्वारा अभियोजन स्वीकृत है।

3. थाना कांड दर्ज होने के बावजूद भारतीय पार–पत्र के निमित गलत शपथ–पत्र समर्पित किये जाने के फलस्वरूप विभागीय पत्रांक–8574 दिनांक–15.06.2015 द्वारा श्री मुकुल से स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया।

4. श्री मुकुल द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में कहा गया कि अभियोजन स्वीकृति की जानकारी उन्हें नहीं होने के कारण शपथ–पत्र में नहीं दर्शाया गया है। उनके संज्ञान में आने के पश्चात् दिनांक 04.06.2015 एवं 05.06.2015 को अभ्यावेदन देकर तत्काल पार–पत्र निर्गत करने से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई खारिज/रद्द करने का अनुरोध किया गया है। उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को समीक्षोपरांत अस्वीकृत कर दिया गया एवं गलत शपथ–पत्र दिये जाने के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

5. उपर्युक्त के आलोक में श्री मुकुल के विरूद्ध आरोप पत्र प्रपत्र–'क' गठित कर अनुशासनिक प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात् विभागीय पत्रांक–1474 दिनांक 17.02.2017 द्वारा उनसे स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा स्पष्टीकरण में उन्हीं तथ्यों का उल्लेख किया गया, जिसका उल्लेख उनके द्वारा पूर्व समर्पित स्पष्टीकरण में किया गया था।

6. श्री मुकुल द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाया गया एवं उनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए विस्तृत जांच हेतु उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालन करने का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया। साथ ही विभागीय कार्यवही संचालित करने हेतु आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

7. आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया के पत्रांक–1365 दिनांक 19.07.2019 द्वारा प्राप्त जांच प्रतिवेदन में श्री मुकुल के विरूद्ध गठित आरोप को प्रमाणित नहीं पाया गया।

8. संचालन पदाधिकारी के प्राप्त जांच प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में अपर मुख्य सचिव के आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी, बेगुसराय एवं पुलिस अधीक्षक, बेगुसराय से उक्त थाना कांड सं0–29/2005 दिनांक 10.05.2005 में प्राथमिकी के बाद अपराधिक मामले की अद्यतन स्थिति के साथ अनुसंधान या न्यायालय में सुनवाई हेतु श्री मुकुल पुलिस के समक्ष या न्यायालय में उपस्थित हुए हैं या नहीं और यदि उपस्थित हुए हैं तो किन तिथियों पर से संबंधित वांछित सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

9. विभागीय पत्र के आलोक में जिलाधिकारी, बेगुसराय द्वारा पुलिस अधीक्षक, बेगुसराय के पत्रांक–105 दिनांक 07.04.2021 की प्रति उपलब्ध कराते हुए प्रतिवेदित किया गया कि श्री मुकेश कुमार मुकुल, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, गढ़पुरा कभी भी पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं।

10. तत्पश्चात् संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन की समीक्षा विभागीय स्तर पर की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि यद्यपि संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोपित पदाधिकारी को उनके विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति की जानकारी नहीं होने के कारण शपथ पत्र में गलत अंकन होना परिस्थितिजन्य भूल मानते हुये गठित आरोप को प्रमाणित नहीं पाया गया है, लेकिन भारतीय पार–पत्र के निमित्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र में गलत सूचना अंकित की गयी, जो सरकारी पदाधिकारी के आचरण के अनुकूल नहीं है।

11. विभागीय पत्रांक–5279 दिनांक 17.05.2021 द्वारा असहमति के विन्दु पर श्री मुकेश कुमार 'मुकुल' से बचाव बयान समर्पित करने का अनुरोध किया गया। उक्त के आलोक में श्री मुकुल के पत्रांक–01/कैम्प दिनांक 14.06.2021 द्वारा बचाव बयान समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा मानवीय भूल मानते हुए विभागीय कार्यवाही को समाप्त करने का अनुरोध किया गया।

12. उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं श्री मुकुल द्वारा समर्पित बचाव बयान/अभ्यावेदन की सम्यक समीक्षोपरान्त अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री मुकुल को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–14 के संगत प्रावधानों के तहत उन्हें **'एक वेतनवृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने'** का दंड विनिश्चित किया गया है।

13. अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री मुकेश कुमार 'मुकुल', बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–1053/11, तत्कालीन वरीय उप समाहर्त्ता, औरंगाबाद के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–14 के संगत प्रावधानों के तहत **'एक वेतनवृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने'** का दण्ड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
जय शंकर प्रसाद, संयुक्त सचिव।

सं0 27/आरोप–01–108/2019–सा0प्र0–6886

---

9 जुलाई 2021

मो0 शाकिर जमाल, सेवानिवृत्त बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 234/2011, तत्कालीन उप विकास आयुक्त, शेखपुरा के विरूद्ध प्रधान सचिव, निगरानी विभाग के ज्ञापांक–29 दिनांक–01.06.11 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि मो0 शाकिर जमाल दिनांक 18.03.11 से ही शेखपुरा छोड़कर चले गये है। इनकी गतिविधि के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इनके अचानक अनुपस्थित हो जाने के संबंध में तरह–तरह की अटकलें लगायी जा रही है। पूरा प्रकरण संदेहास्पद हो चला है। उनके द्वारा श्री जमाल के विरूद्ध उचित कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा इस विभाग से की गयी।

2. प्रधान सचिव, निगरानी विभाग से प्राप्त पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी, शेखपुरा से प्रतिवेदन की मांग की गयी। उक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 1079 दिनांक 31.07.11 द्वारा मो0 जमाल के दिनांक 18.03.11 से मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की पुष्टि की गयी। श्री जमाल के संबंध में जिला पदाधिकारी, शेखपुरा द्वारा आकस्मिक छुट्टी अस्वीकृति के उपरान्त भी मुख्यालय नहीं लौटने तथा मोबाईल पर संपर्क किये जाने के बावजूद मोबाईल बन्द रखने की सूचना ग्रामीण विकास विभाग को दिये जाने संबंधी पत्र को अनुलग्नक के रूप में संलग्न किया गया।

3. उक्त के आलोक में समीक्षोपरान्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक 9552 दिनांक 25.08.11 द्वारा मो0 जमाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया तथा विभागीय संकल्प ज्ञापांक 9599 दिनांक 25.08.11 द्वारा इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

4. आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर–सह–संचालन पदाधिकारी के पत्रांक 2727 दिनांक 24.10.2011 द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें संचालन पदाधिकारी द्वारा अनधिकृत अनुपस्थिति का आरोप आंशिक रूप से प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया।

5. संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक 15736 दिनांक 16.11.12 द्वारा इन्हें निलम्बन से मुक्त करते हुए 'निन्दन (संगत वर्ष 2010–11) एवं निलम्बन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होने' का दंड संसूचित किया गया। तत्पश्चात् मो0 जमाल द्वारा समर्पित पुनर्विचार अभ्यावेदन को समीक्षोपरान्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक 17339 दिनांक 11.11.13 द्वारा अस्वीकृत किया गया। पुनः मो0 जमाल द्वारा समर्पित आवेदन दिनांक 30.08.16 को समीक्षोपरान्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक 16355 दिनांक 08.12.16 द्वारा अस्वीकृत किया गया।

6. उक्त संसूचित दंडादेश के विरूद्ध मो0 जमाल द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, पटना में दायर सी0डब्लू0जे0सी0 संख्या–14784/13 में दिनांक 20.06.19 को पारित आदेश के आलोक में समीक्षोपरान्त विभागीय पत्रांक 480 दिनांक 13.01.20 द्वारा संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन पर बचाव बयान की मांग की गयी।

7. उक्त के आलोक में मो0 जमाल के पत्रांक–कैम्प/दिनांक 21.01.2020 द्वारा अपना बचाव बयान समर्पित किया गया।

8. मो0 जमाल के दिनांक 31.05.17 को सेवानिवृत्त हो जाने के फलस्वरूप विभागीय संकल्प ज्ञापांक 11891 दिनांक 14.12.20 द्वारा उनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43'बी' के तहत् सम्परिवर्तित किया गया।

9. वर्णित तथ्यों के आलोक में मो0 जमाल द्वारा समर्पित बचाव बयान को अस्वीकृत करते हुए तथा मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में मो0 जमाल को संसूचित दंडादेश संबंधी विभागीय संकल्प ज्ञापांक 15736 दिनांक 16.11.2012 को वापस लेते हुए एवं मो0 जमाल के अनाधिकृत अनुपस्थिति के आरोप को संचालन पदाधिकारी द्वारा आंशिक रूप से प्रमाणित पाये जाने के आलोक में बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43'बी' के प्रावधानों के तहत् **''उनके पेंशन से 5 प्रतिशत राशि की कटौती एक वर्ष तक करने''** का दंड विनिश्चित किया गया।

10. मो0 जमाल के विरूद्ध विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक–1326 दिनांक 01.02.2021 एवं पत्रांक–2761 दिनांक 01.03.2021 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श/सहमति की मांग की गयी। उक्त के आलोक में आयोग के पत्रांक–611 दिनांक 28.06.2021 द्वारा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी।

11. अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार मो0 जमाल द्वारा समर्पित बचाव बयान/अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए एवं संचालन पदाधिकारी द्वारा आंशिक रूप से प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिये बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43'बी' के प्रावधानों के तहत् मो0 शाकिर जमाल, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 234/2011, तत्कालीन उप विकास आयुक्त, शेखपुरा सम्प्रति सेवानिवृत को **"उनके पेंशन से 5 प्रतिशत राशि की कटौती एक वर्ष तक करने"** का दण्ड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
जय शंकर प्रसाद, संयुक्त सचिव।

सं0 27/आरोप–01–51/2021,सा०प्र०–6900

---

9 जुलाई 2021

श्री रजनीश लाल, बि०प्र०से० (कोटि क्रमांक–991/11) जिला परिवहन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के विरूद्ध परिवहन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3781 दिनांक 07.07.2021 द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई करने हेतु इस विभाग से अनुरोध किया गया। श्री लाल के विरूद्ध अप्रत्यानुपातिक धनार्जन के आरोप में निगरानी थाना कांड संख्या–23/2021 दिनांक 22.06.2021 धारा–13(2)–सह–पठित धारा–13(1)(बी.) भ्र0नि0अधि0, 1988 (संशोधित अधिनियम–2018) दर्ज किये जाने की सूचना दी गयी है।

उक्त प्रतिवेदन में प्रतिवेदित आरोपों की गम्भीरता के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–9(1)(क) एवं (ग) में निहित प्रावधानों के तहत श्री रजनीश लाल, बि०प्र०से०,कोटि क्रमांक–991/11 को संकल्प निर्गत होने की तिथि से अगले आदेश तक के लिए निलंबित किया जाता है।

निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना निर्धारित किया जाता है। इन्हें निलंबन अवधि में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–10 के आलोक में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

श्री रजनीश लाल के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोपों की वृहद जाँच हेतु विभागीय कार्यवाही का आदेश अलग से निर्गत किया जायेगा।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
जय शंकर प्रसाद, संयुक्त सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 15—571+10-डी0टी0पी0।
Website : http://egazette.bih.nic.in